***@shahjahanpurpol***

***प्रेस नोटः जनपद शाहजहाँपुर दिनांक 22.09.2022***

***थाना जैतीपुर पुलिस को मिली बडी कामयाबी ***

***अन्तर्राष्ट्रीय बाजार मे 02 करोड 40 लाख रूपये कीमत की 02 किलो 400 ग्राम फाईन क्वालिटी की अफीम बरामद कर 02 अन्तर्जनपदीय मादक पदार्थ तस्करो को अवैध असलहा सहित किया गिरफ्तार ।***

श्री एस आनन्द, पुलिस अधीक्षक शाहजहाँपुर के निर्देशानुसार जनपद मे मादक पदार्थो की रोकथाम व मादक पदार्थ तस्करो की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम मे श्री संजीव कुमार बाजपेयी, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के निर्देशन एंव श्री बी0एस0 वीर कुमार क्षेत्राधिकारी तिलहर के पर्यवेक्षण मे थाना जैतीपुर पुलिस टीम को बडी सफलता प्राप्त हुई।

*आज दिनांक 22.09.2022 को श्री राजेश बाबू मिश्रा, थानाध्यक्ष जैतीपुर के नेतृत्व मे थाना जैतीपुर की पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर समय 03.40 बजे **भुडिया तिराहे से 20 कदम की दूरी ग्राम भुडिया की ओर** मादक पदार्थ तस्कर **मुनेन्द्र पाल** को गिरफ्तार किया गया। जिसके कब्जे से 01 किलो 150 ग्राम फाईन क्वालिटी की अफीम व 01 अदद तमंचा 315 बोर मय 02 अदद जिंदा करातूस बरामद हुआ तथा अभियुक्त की मोटरसाइकिल को धारा 207 MV ACT के अन्तर्गत सीज किया गया ।*

*इसी क्रम मे अन्य पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर समय 04.30 बजे **पडैनिया पुलिया से ग्राम पडैनिया की ओर** मादक पदार्थ तस्कर **अकबर** को गिरफ्तार किया गया। जिसके कब्जे से 01 किलो 250 ग्राम फाईन क्वालिटी की अफीम बरामद हुई।*

दोनो अभियुक्तो के विरूद्ध थाना जैतीपुर पर सुसंगत धाराओ मे अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

***गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण**:-*

1. मुनेन्द्र पाल सिंह पुत्र रामपाल निवासी ग्राम नबीगंज थाना जलालाबाद जनपद शाहजहाँपुर
2. अकबर पुत्र ईद्दू निवासी मिल्कीपुर खैरपुर थाना कटरा जनपद शाहजहाँपुर

***बरामदगी का विवरण:-***

1.कुल 02 किलो 400 ग्राम अफीम (फाइन क्वालिटी)

2. एक अदद देशी तंमचा नाजायज 315 बोर मय 02 अदद जिंदा कारतूस 315 बोर

3.एक अदद मोटरसाईकिल रजि0 न0 UP27P1273 स्पेलेन्डर प्लस सीज अन्तर्गत धारा 207 MV Act

***पंजीकृत अभियोगो का विवरण***

1. मु0अ0स0 509/2022 धारा 8/18 NDPS ACT थाना जैतीपुर जनपद शाहजहाँपुर बनाम मुनेन्द्रपाल सिंह उपरोक्त
2. मु0अ0स0 510/2022 धारा 325 A.ACT थाना जैतीपुर जनपद शाहजहाँपुर बनाम मुनेन्द्रपाल सिंह उपरोक्त

3. मु0अ0स0 511/2022 धारा 8/18 NDPS ACT थाना जैतीपुर जनपद शाहजहाँपुर बनाम अकबर उपरोक्त

**<u>*पूछताछ विवरण अभियुक्त (मुनेन्द्रपाल सिंह)*</u>**

गिरफ्तार शुदा अभियुक्त मुनेन्द्र पाल सम्बन्धित मु0अ0स0 509/2022 धारा 8/18 NDPS ACT से 01 किलो 150 ग्राम अफीम की बरामदगी के सम्बन्ध मे पूछताछ की गयी तो बताया कि झारखण्ड से ट्रेन के माध्यम से सस्ते दामो मे चोरी छिपे अफीम लाता हूँ। तथा जनपद बदांयू , बरेली, शाहजहाँपुर के आस पास के ग्रामीण क्षेत्रो मे घूम फिर कर अच्छे दामो मे लोगो को विक्रय कर देता हूँ आज भी मैं अफीम की बिक्री करने फरीदपुर (बरेली) जाने वाले मार्ग पर चोरी छिपे जनपद बरेली क्षेत्र जा रहा था परन्तु भुडिया तिराहे पर आपने मुझे पकड लिया है तथा अपनी सुरक्षा के लिए मैं तमंचा साथ मे रखता हूं। मै अफीम को सस्ते दामो मे झारखण्ड प्रदेश से लाकर अच्छे दामो मे ग्रामीण क्षेत्रो मे बिक्री करके अपना तथा परिवार का जीवन यापन करता हूँ इससे पहले मै कभी पकडा नही गया हूँ चोरी छिपे अफीम को ग्रामीण क्षेत्रो मे ग्राहको को अच्छे दामो मे बेचता रहता था।

**<u>*पूछताछ विवरण अभियुक्त (अकबर)*</u>**

प्रारम्भिक पूछताछ मे अकबर ने बताया कि मैं कभी-कभी सस्ते दामो मे जनपद बदायूं मे खेती करने वाले लोगो से अफीम खरीदकर जनपद बरेली , बदायू आस पास के जिलो मे अफीम छोटे छोटे ग्राहको को ग्रामीण क्षेत्रो मे उंचे दामो मे बेच देता हूँ। ग्रामीण क्षेत्रो मे बिक्री करके मैं अपना तथा अपने परिवार का जीवन यापन करता हूँ आज भी मैं ग्राहको को अफीम बिक्री करने हेतु जनपद बदांयू जा रहा था। रास्ते मे आपने मुझे आपने पकड लिया गलती हो गयी हो सके तो माफ कर देना।

**<u>*गिरफ्तार करने वाली टीम*</u>**

1. थानाध्यक्ष राजेश बाबू मिश्रा थाना जैतीपुर जनपद शाहजहाँपुर
2. उ0नि0 श्री ललित कुमार थाना जैतीपुर जनपद शाहजहाँपुर
3. उ0नि0 श्री चन्द्र शेखर थाना जैतीपुर जनपद शाहजहाँपुर
4. का0 2305 प्रशान्त महालवार थाना जैतीपुर जनपद शाहजहाँपुर
5. का0 1813 ओमप्रकाश थाना जैतीपुर जनपद शाहजहाँपुर
6. का0 2157 विशाल अष्टवाल थाना जैतीपुर जनपद शाहजहाँपुर
7. का0 2650 सचिन रावल थाना जैतीपुर जनपद शाहजहाँपुर